EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्

एकल विद्यालय

त्रैमासिक
18वां संस्करण

## वनयात्रा एवं प्रवास विशेषांक

अक्टूबर – दिसंबर, 2022



राजा राम तभी भगवान राम बने जब उन्होंने वनवासियों को गले लगाया ।

आईए एकल से जुड़कर शिक्षित राष्ट्र का निर्माण करें ।






# CSR टीम द्वारा सोलन की पहाड़ियों की वनयात्रा



एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्, CSR टीम द्वारा 25 से 27 नवंबर, 2022 तक ट्रस्टी एवं सीएसआर कमेटी के चेयरमैन श्री सुभाष सी अग्रवाल जी एवं सीए (डॉ) राज चावला जी के नेतृत्व में सीए की टीम द्वारा हिमाचल प्रदेश के सोलन की वनयात्रा की गयी। जिसमें 17 नये सदस्यों के साथ 35 लोगों ने भाग लिया। सीएसआर वनयात्रा का उद्देश्य एकल द्वारा संचालित विद्यालयों का प्रत्यक्ष दर्शन कराना, विद्यालय की संचालन प्रणाली समझना, नए सदस्यों को जोड़ना, समिति सदस्यों को सक्रिय करना, सीएसआर डोनेशन के लिए प्रोत्साहित करना था ।



सभी वनयात्रियों ने सोलन एवं सिरमौर अंचल के एकल विद्यालय ग्राम धार भडेजी एवं रुंजा एकल विद्यालय को देखा। बच्चों ने सरस्वती वंदना, गिनती, पहाड़ा, चौपाई और कविता भी सुनाई। और वनयात्रियों द्वारा पूछे गये सवालों का बड़ी ही निर्भीकता से जबाब दिया। विद्यालय दर्शन के पश्चात सभी वन यात्रियों ने गांवों में चलाये जा रहे एकल सत्संग को भी देखा। ग्राम समिति के साथ बैठक भी की गयी ।

ग्रामीणों का प्यार उनकी ऊर्जा देखकर हृदय प्रेम भाव से भर गया। **जिससे प्रेरित होकर लगभग 15 नए सदस्यों ने एक-एक विद्यालय के सहयोग की इच्छा व्यक्त की जिन्हें एकल दानवीर का मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।** नये सदस्यों को श्री नीरज रायजादा जी की तरफ से ओम का स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कुछ लोगों ने नई कंपनियों को एकल से जोड़ने का आश्वासन भी दिया ।



# सीएसआर टीम का सोलन की पहाड़ियों की वनयात्रा का अनुभव कथन



"हमें दान ऐसी जगह पर देना चाहिए जहां पर उसका शत प्रतिशत उपयोग हो सके और एकल ऐसी संस्था है जहां पर आपके द्वारा दिए गए दान का सौ प्रतिशत उपयोग किया जाता है। यह बहुत बड़ा ईश्वरीय कार्य है और हमारा लक्ष्य है कि हम 6 लाख गांवों तक पहुंचे। इस पुनीत कार्य में आप सब के सहयोग की बहुत जरूरत है।"

**श्री सुभाष सी. अग्रवाल जी (ट्रस्टी एवं चेयरमैन, CSR कमेटी)**



" हमें अपने सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व को समझना चाहिए, हम बच्चों को शिक्षित तो कर सकते हैं लेकिन संस्कारयुक्त शिक्षा देने में एकल आपकी मदद कर सकता है। हमें धर्मांतरण को रोकने एवं गौरवशाली सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए एकल के साथ अवश्य जुड़ना चाहिए ।

**श्री नीरज रायज़ादा जी (राष्ट्रीय प्रधान, EBLSP)**



"मैं कई साल से एकल से जुड़ा हूँ, परन्तु इस वनयात्रा के माध्यम से इन विषम परिस्थितियों में संचालित हो रहे विद्यालय और एकल कार्यकर्ताओं के त्याग के आगे मुझे हर कार्य छोटा लग रहा है। इतनी अधिक संख्या में सीए की टीम वनयात्रा पर पहली बार आई है, इस बात की मझे बहुत ख़ुशी है। इस सहयोग के लिए आप सभी का आभार एवं धन्यवाद।

**सीए (डॉ) राज चावला जी (चेयरमैन, CSR कॉर्पोरेट कमेटी)**

## पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा मुज़फ्फरनगर की वनयात्रा

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् पूर्वी दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन श्री पीके जैन जी एवं महामंत्री श्री अतुल जैन जी के नेतृत्व में 12 दिसंबर 2022 को मुज़फ्फरनगर के लक्ष्मीनगर अंचल में संचालित कामहेदा, फूलासी एवं छापार तीन एकल विद्यालयों की वनयात्रा की गई। इस वनयात्रा में 17 नए सदस्यों के साथ कुल 25 गणमान्य शामिल हुए ।






इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे एकल विद्यालयों की संचालन प्रणाली को समझना, विद्यालयों का प्रत्यक्ष दर्शन करना, नए सदस्यों को जोड़ना, समिति सदस्यों को सक्रिय करना, एकल विद्यालय के माध्यम से गांवों में होने वाले परिवर्तनों को समझना, समिति एवं कार्यकर्त्ता बंधुओं के साथ बैठक करना था ।

सभी वनयात्री, ग्रामवासियों के प्रेम भाव को देखकर आनंदित हुए, साथ ही विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन देखकर वनयात्री अति प्रसन्न हुए एवं अधिक दान करने तथा दोबारा विजिट करने के लिए प्रोत्साहित हुए ।

## राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा गजरौला में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गयी




एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्, राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 17 सितंबर 2022 को एकल विद्यालय गजरौला, उत्तर प्रदेश की वनयात्रा की गयी। इस वनयात्रा में कुल 21 बहनों ने भाग लिया। एकल ग्रामोत्थान सेंटर के समिति सदस्यों, कार्यकर्ताओं ने सभी वनयात्रियों का जोर-शोर से स्वागत किया ।

वनयात्रा पर गयी सभी बहनों ने अंचल गढ़मुक्तेशर, संच गजरौला एवं विद्यालय ग्राम विजौरा में एकल विद्यालय का दर्शन किया ।


## डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करेगी एकल ऑन व्हील्स



16 नवंबर 2022 को एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् कानपुर चैप्टर द्वारा संचालित एवं फ्रंटियर एलॉय स्टील लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित कंप्यूटर ऑन व्हील्स का लोकार्पण फ्रंटियर स्टील्स लिमिटेड, रनिया के फैक्ट्री परिसर, कानपुर से किया गया। जिसमें 200 से अधिक लोग शामिल हुए। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछडे क्षेत्र के बच्चों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करना है।

इस एकल ऑन व्हील्स में 8 लैपटॉप द्वारा 16 बच्चों को ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा दी जाएगी।




इसके माध्यम से प्रत्येक दिन 2 गांवों में सुबह और शाम की पाली में 16-16 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। कानपुर देहात की जिलाधिकारी महोदया श्रीमती नेहा जैन जी, आईजी कानपुर रेंज, श्री प्रशांत कुमार जी, सीडीओ श्रीमती सौम्या पांडे जी, एसपी श्रीमती सुनीति जी श्री कुंदन लाल भाटिया जी प्रवर्तक निदेशक फ्रंटियर एलॉय स्टील्स लिमिटेड, श्री नरेश जैन जी ट्रस्टी एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, श्री जी.डी. गोयल जी, ट्रस्टी एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् एवं श्री नीरज रायज़ादा जी राष्ट्रीय प्रधान, एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् की उपस्थिति में फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

# देवभूमि हिमाचल की पहाड़ियों में प्रवास



**एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं उप प्रधान (महिला विभाग) श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी ने 14-19 अक्टूबर 2022 को उत्तरी एवं दक्षिणी हिमाचल संभागों में प्रवास किया।**

प्रवास का उद्देश्य समिति और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के अलावा, गूगल शीट के माध्यम से आचार्यों के मानधन के भुगतान, दानदाता संबंधित जानकारियों को समय से उपलब्ध कराने, प्रगत संच, स्वालम्बन आदि पर चर्चा करने के लिए था। प्रवास के दौरान एकल विद्यालयों में वनयात्रा, ग्रामोत्थान केंद्रों का दौरा, समिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और समिति एवं कार्यकर्ताओं के घरों में पारिवारिक मिलन का कार्यक्रम रखा गया। उत्तरी हिमाचल संभाग में भाग पालमपुर की बैठक मिरांडा में, कुल्लू भाग की बैठक मंडी में एवं बिलासपुर भाग की बैठक बेरी में हुई।






दक्षिणी हिमाचल संभाग में भाग सिरमौर की बैठक राजगढ़ और सोलन में सम्पन्न हुई। जिसमें एकल विद्यालयों को सक्रिय करने के लिए कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इसमें श्री दीप कुमार जी ने अभियान की अपेक्षाओं पर विस्तृत जानकारी भी प्रदान की । श्री राजीव अग्रवाल जी द्वारा समिति एवं कार्यकर्ताओं की बैठकों में विभिन्न विषयों जैसे गूगल शीट, DRW, प्रगत संच, स्वालम्बन, राष्ट्रीय समस्याओं को रोकने के लिए एक प्रहरी के रूप में एकल का कार्यरत होना आदि पर चर्चा की।

प्रवास का अनुभव बहुत ही सुखद रहा। इस प्रवास से जाना कि एकल के कार्यकर्ता कितनी कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। **एकल परिवार के इस मिलन के दौरान कार्यकर्ताओं का समर्पण को देख कर दोनों प्रवासी नतमस्तक हो गए।**



राजीव अग्रवाल

राष्ट्रीय महामंत्री

## एकल वनयात्रा.......

**एकल अभियान के प्रणेता संस्थापक सदस्य माननीय श्री श्याम जी गुप्त का मानना है कि वनवासी तथा नगरवासी समाज के मध्य परस्पर प्रेम और विश्वास का सेतु ही भारत के गौरवशाली भविष्य का एकमात्र आश्वासन है। इसी उद्देश्य के प्रति एकल अभियान समर्पित है।**

वनवासियों एवं नगरवासियों के परस्पर प्रेम और विश्वास के सेतु को सुदृढ़ करने हेतु एकल द्वारा वनयात्रा का आयोजन किया जाता है। वनयात्रा का उद्देश्य शहरी परिवारों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना, दानदाता का विश्वास जीतना, नगर संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना है, नए सदस्यों को जोड़ना और समिति सदस्यों को सक्रिय करना है।

वनयात्रा के दौरान नगरवासी ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में संचालित हो रहे एकल विद्यालयों की संचालन प्रणाली को समझते हैं, विद्यालयों का अवलोकन करते हैं, एकल विद्यालय के माध्यम से गांवों में होने वाले परिवर्तनों का प्रत्यक्ष दर्शन करते हैं और समिति एवं कार्यकर्ता बंधुओं के साथ बैठक करते हैं।

कहा जाता है कि 'Seeing is believing' अर्थात देखने के बाद विश्वास होता है। जब वनयात्रा पर जाने वाले दानदाता एकल विद्यालय के संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं तो उनके मन में आनंद, विश्वास एवं संतोष का भाव पैदा होता है । आज एकल का जो विशाल स्वरूप है, उसका एक मुख्य कारण वनयात्रा है। जिसके कारण देश के विशिष्ट जन इससे जुड़े हैं । सभी का वनयात्रा अनुभव बहुत ही सुखद रहा है। वनयात्रा एक प्रत्यक्ष प्रमाण है कि एकल के कार्यकर्ता कितनी कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं।

नगरों की बौद्धिक क्षमता व आर्थिक शक्ति और ग्रामों में मौजूद असीमित संसाधन व ऊर्जा मिलकर भारत का एक गौरवशाली इतिहास लिखने को तत्पर है। मेरा आग्रह है कि शिक्षित भारत के निर्माण के इस पुनीत कार्य में आप ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को अवश्य जोड़ें। एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् और सम्पूर्ण एकल परिवार की ओर से आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नया वर्ष आपके जीवन में नई खुशियाँ और उमंग लेकर आये।

## एकल प्रेजेंटेशन - कानपुर चैप्टर (आई.आई.टी. कानपुर में)



एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर एवं विवेकानन्द समिति, आई.आई.टी. कानपुर द्वारा आज 11 अक्टूबर 2022 को एकल विद्यालय अभियान के संदर्भ में आई.आई.टी. कानपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एकल विद्यालय की कार्य प्रणाली, शिक्षित समाज के निर्माण में एकल के प्रभाव एवं राष्ट्रनिर्माण में एकल का क्या योगदान है इन विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुयी।

सभी दानदाताओं को उनके सहयोग से संचालित एकल विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं आचार्यों द्वारा, रामनवमी एवं दीपावली के अवसर पर शुभकामना (ग्रीटिंग) कार्ड अपने हाथ से बनाकर तथा धन्यवाद पत्र भेजकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जाती है।

इसी क्रम में दीपावली के अवसर पर हजारों की संख्या में एकल विद्यालयों से शुभकामना कार्ड एवं धन्यवाद पत्र एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् को प्राप्त हुए, जोकि सहयोगी दानदाताओं को संप्रेषित किये गये। हमें बहुत सुखद अनुभूति हुई जब दानदाताओं से उसके उपरांत बहुत सारे प्रशंसा पत्र एवं बच्चों के लिए आशीर्वचन प्राप्त हुए। दानदाताओं ने बच्चों द्वारा बनाये गये रचनात्मक कार्ड एवं पत्रों की बहुत सराहना की । अपने मन के सुखद भाव को साझा करते हुए उन्होंने एकल विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की और कहा कि एकल भारत लोक शिक्षा परिषद ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने का जो कार्य कर रहा है, वह अतुलनीय है हमें गर्व है कि हमें ऐसी संस्था के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है जो एक गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण की दिशा में अग्रसर है ।

## दानदाताओं से प्राप्त कुछ प्रशंसा पत्रों के अंश उल्लेखनीय हैं।

### 1. श्री राजेंद्र कुमार जैन जी (रिटायर्ड जनरल मैनेजर, रेलवे)

“आपका और श्री दत्त राम जी का प्यारा पत्र मिला बहुत धन्यवाद, आपको दत्त कुमार जी को, प्यारे बच्चों को और आप सब के परिवार को दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि गांव के बच्चे खूब पढ़ लिखकर एक अच्छे नागरिक बनें, मानसिक और शारीरिक स्वस्थ रहें, खेलकूद में भी आगे बढ़े और बड़े होकर डॉक्टर, इंजीनियर बनें और अपने माता-पिता, आचार्य और गांव का नाम रोशन करें। मेरा आशीर्वाद और बच्चों को ढेर सारा प्यार।”

### 2. M/s Sunam Jewellers ( Delhi Pvt. Ltd.)

“Thanks a lot. We are really happy to receive this”

### 3. IRFC Limited.

“We feel very happy to see the attached greetings of Diwali received from teachers and students from the schools supported by IRFC Limited.”

### 4. Sharp Business India Pvt. Ltd.

“Thanks for sharing with us. Happy Diwali to you too.”

बच्चों एवं आचार्यों द्वारा अपने दानदाताओं को भेजे जाने वाला धन्यवाद पत्र एवं शुभकामना (ग्रीटिंग) कार्ड



## एकल प्रेजेंटेशन - हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

13 दिसंबर 2022 को कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर में मुख्य अतिथि के रूप में एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय प्रधान श्री नीरज रायज़ादा जी शामिल हुए। उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों को एकल विद्यालय के बारे में बताया और प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाया कि एकल ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों के बच्चों की शिक्षा एवं समग्र गांव के विकास के लिए किस तरह से व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है । इस कार्यक्रम में 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे ।










## एकल प्रेजेंटेशन - इंद्रप्रस्थ साहित्य महोत्सव, दिल्ली




करुणा फ़ाउंडेशन द्वारा 18 दिसम्बर, 2022 को आयोजित इन्द्रप्रस्थ साहित्य महोत्सव में एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् से सहभागिता की गयी, इस अवसर पर "नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति" के विषय पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने प्रेजेंटेशन दिया ।






## एकल प्रेजेंटेशन - विवेकानंद स्कूल, पूर्वी दिल्ली चैप्टर

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करने के लिए समर्पित भाव से सेवारत है। एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्, पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा एकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नित नए कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विवेकानंद स्कूल, आनंद विहार, दिल्ली-110092 में शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को टीचर्स एवं स्टाफ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।





जिसमें प्रेजेंटेशन के माध्यम से एकल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी । जिसमें लगभग 150 टीचर्स शामिल हुए, जिन्होंने एकल को विस्तारपूर्वक समझा ।
इस प्रेजेंटेशन का उद्देश्य शिक्षक से छात्र एवं छात्र से समाज तक एकल का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से करना था । क्योंकि शिक्षक का कार्य शिक्षित समाज के सृजन का होता है और वे बच्चों को शिक्षित कर गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण का कार्य करते हैं।

## एकल प्रेजेंटेशन – मॉडल टाउन, सेंट्रल दिल्ली चैप्टर

भारत लोक शिक्षा परिषद्, सेंट्रल दिल्ली चैप्टर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 8 अक्टूबर 2022 को एकल प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के जीवन आदर्शों से समाज को प्रेरित करना था। समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों को साथ में लेकर चलने से ही देश का सम्पूर्ण विकास हो सकता है।





इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीरज रायज़ादा जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को एकल के महत्त्व को बताया और देश सेवा की इस मुहिम में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय महिला विभाग की उप प्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी ने भी महिलाओं को एकल अभियान के इस पुनीत कार्य में जुड़ने और साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।

## हमारे एकल दानदाता ( शतकवीर )



**श्री सुरेन्द्र गाँधी जी**
(दीवान & संस)



**डॉ. रमेश चंद गुप्ता जी**



**श्री यश भाटिया जी**
(मधुरम पेपर प्रा. लि.)

## हमारे एकल दानदाता ( 11 – 50 विद्यालय )

1 . श्री अंकित अग्रवाल जी

2. श्री एल.आर.अग्रवाल जी (कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्रा. लि.)

3. श्री मणि फाउंडेशन

4. 7. श्री पुरुषोत्तम भगेरिया जी (फिलाटेक्स इंडिया लि.)

5. श्री सौरभ जैन जी

6. श्री तरसेम चंद गुप्ता जी (क्रिमसन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि.)

7. श्री विजय कुमार गुप्ता जी (कैल्को ग्रुप)

8. मैसर्स बिदलास डुप्लेक्स लिमिटेड

9. मैसर्स प्रीमियर कार सेल्स लिमिटेड

10. सी पी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड

11. श्री उमा शंकर हलवासिया जी (हलवासिया ग्रुप)

12. वीएलएस फाइनेंस लिमिटेड

## पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा दिवाली मिलन कार्यक्रम



पूर्वी दिल्ली चैप्टर के सहयोग से सीबीडी ग्राउंड प्रीत विहार, दिल्ली में 15-16 अक्टूबर 2022 को दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा एकल का स्टाल लगाकर लोगों को एकल के बारे में जानकारी दी गयी और यह भी बताने का प्रयास किया गया कि एकल अभियान ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चों की शिक्षा एवं गांवों के समावेशी विकास के लिए कितनी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन जी ने एकल स्टाल का भ्रमण किया और एकल विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा दानदाताओं के लिए लिखे जाने वाले पत्रों को बहुत ही बारीकी से देखा और ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि एकल अभियान शिक्षित समाज के निर्माण की दिशा में जो कार्य कर रहा है वह बहुत ही सराहनीय है।



## हमारे एकल दानदाता ( 1 से 10 विद्यालय )

1. श्री अचिन गोयल जी
2. श्री आदित्य बंसल जी
3. श्री अजय शंकर दीक्षित जी
4. श्री आनंद जैन जी
5. श्री अनिल अग्रवाल जी
6. श्री अनिल बैद्य जी
7. श्रीमती अंजू मंगला जी
8. श्रीमती अंजू रानी जी
9. श्री अंकित रावत जी
10. श्रीमती अनु गोयल जी
11. श्री अतुल जैन जी
12. श्री बिपुल कपूर जी
13. श्री चंदन सिह जी
14. श्रीमती दर्शना गोयल जी
15. श्री धर्मेंद्र भंडारी जी
16. श्री दिनेश गुप्ता जी
17. डॉ लता शर्मा जी
18. श्री इंदर पाल चर्ला जी
19. श्री जमना दास गुप्ता जी
20. श्रीमती जसोता परदासानी जी
21. श्रीमती कमलेश अग्रवाल जी
22. श्री कपिल कंसल जी
23. श्रीमती कविता अग्रवाल जी
24. श्री कुलदीप कुमार वशिष्ठ जी
25. मेसर्स अजंता बॉटल प्रा.लि.
26. मेसर्स जीपीए फूड्स प्रा. लि.
27. मैसर्स नेटप्लास्ट प्रा.लि.
28. मैसर्स पी डी एग्रो प्रोसेसर्स
29. मैसर्स प्यूमा रियल्टर्स प्रा.लि.
30. मैसर्स राम स्टील्स
31. श्री माधोराज एन. तिवारी
32. श्री मनीष कपूर जी
33. श्री मनोज अग्रवाल जी
34. श्री मुदित गुप्ता जी
35. श्री मुकेश गर्ग जी
36. श्री मुकेश गोयल जी
37. श्री नेम चंद जैन जी
38. श्री निखिल सिंघल जी
39. श्री निशांत जैन जी
40. श्री ओम प्रकाश राजपूत जी
41. श्री ओम प्रकाश विजय वर्गिया जी
42. श्रीमती परिधि अग्रवाल जी
43. श्रीमती पारुल मुंजाल जी
44. श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल जी
45. श्री आर.के. अरोड़ा जी
46. श्री राज कुमार कंसल जी
47. श्री राजेश जी
48. श्री राजेश कुमार जी
49. श्री राजेश मित्तल जी
50. श्री राजीव अग्रवाल जी
51. श्री सचिन गुप्ता जी
52. श्रीमती साधना गुप्ता जी
53. श्री साहिल जिंदल जी
54. श्री संचित मित्तल जी
55. श्री योगेश कुमार गुप्ता जी
56. श्री संजय गुप्ता जी
57. श्री संजीव गोयल जी
58. श्री पी.के.जैन जी
59. सतीश चंद गुप्ता जी
60. श्रीमती सीमा जैन जी
61. श्री श्याम सुंदर कंदोई जी
62. श्रीमती शोभा गुप्ता जी
63. श्री सिद्धार्थ अष्टांकर जी
64. श्री सीताराम शंकररमन जी
65. सुश्री सोनम जैन जी
66. श्री सुभाष विद्यालंकार जी
67. श्री सुचित अग्रवाल जी
68. श्रीमती सुमन मित्तल जी
69. श्रीमती सुषमा गोयल
70. श्रीमती उर्मिला देवी कंदोई जी
71. श्री विजय गोपाल दास मेहरा जी
72. श्री विजय कुमार गुप्ता जी
73. श्री विनय सिंघल जी
74. श्री विनीत ग्रोवर जी
75. श्री विनीत साह जी
76. श्री विनोद कुमार भसीन जी
77. श्री वीरेंद्र सिह जी
78. यस्साश्री एक्जिम प्रा.लि.

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
एकल भारत लोक शिक्षा परिषद्

प्रिय पाठक....

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा प्रत्येक तीन माह में एकल संदेश समाचार पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है जिसमें एकल अभियान द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों के बच्चों को शिक्षित एवं स्वावलंबी बनाने के लिए किये जा रहे कार्यों का संक्षेप में विवरण दिया जाता है।

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् बहुत वर्षों की लम्बी ऐतिहासिक यात्रा तय करके निरंतर विकासात्मक गति से आगे बढ़ रहा है। एकल अभियान अपने पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से समाज में जो परिवर्तन ला रहा है, वह समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है

आप सभी से निवेदन है कि शिक्षित भारत के निर्माण के इस पुनीत कार्य में जुड़ें और सहयोग करें। तभी शिक्षित, समृद्ध एवं वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण संभव हो पायेगा।

जय श्री राम

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

**DONATE NOW**

| वार्षिक सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| 1 विद्यालय के लिए | ₹ 22,000/– | 30 विद्यालय के लिए | ₹ 6.60 लाख |
| 5 विद्यालयों के लिए | ₹ 1,10,000/– | 50 विद्यालयों के लिए | ₹ 11 लाख |
| 10 विद्यालयों के लिए | ₹ 2,20,000/– | 100 विद्यालयों के लिए | ₹ 22 लाख |

एकल अभियान से जुड़ने के लिए हमारी वेबसाइट www.blspindia.org पर सम्पर्क करें
एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें -

**Bharat Lok Shiksha Parishad**
A/C No: 467902050000186, Union Bank of India, IFSC Code : UBIN 0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

इस सहयोग राशि से आपके नाम से विद्यालयों का संचालन किया जाता है एवम् इन विद्यालयों की फोटोग्राफ भी समय–समय पर आपको **WhatApp** के माध्यम से संप्रेषित किए जाते हैं साथ ही आप इन विद्यालयों की वनयात्रा भी कर सकते हैं जिससे आपको बहुत ही सुखद अनुभव की प्राप्ति होगी।

For More Info.

**मुख्य सम्पादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : एकल भारत लोक शिक्षा परिषद
**एकल भवन : एन एस- 15,एफडी ब्लाक, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034**
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063
ई मेल : administration@blspindia.org, info@blspindia.org, वेबसाइट : www.blspindia.org